हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 28 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 20. 0 डिग्री


2 शहर में सब स्टेशनों को एक दूसरे से जोड़ कर डबल सप्लाई की हो रही है व्यवस्था




## खबर संक्षेप

### विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य करते हुए स्वच्छता का दिया संदेश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने जिला मुख्यालय जांजगीर के रामनगर में शुक्रवार को मुख्य नहर स्वच्छता अभियान में शामिल होकर नागरिकों को जागरूक किया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, हसदेव के हीरो के वालिंटियर्स, एनएसएस, एनसीसी, कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य करते हुए स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कलेक्टर-एसपी ने अभियान में भाग लेकर सड़क, नहर के किनारे साफ-सफाई की तथा लोगों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने कहा। अभियान के दौरान गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

### किसान स्कूल में कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आज

**बहेराडीह।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर के तत्वाधान में शनिवार 28 मार्च को कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में अपरान्ह 10 बजे से एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में जिले के अलावा सक्ति जिले के प्रगतिशील किसान, कृषक मित्र, गौसेवक, कृषि सखी और पशु सखी दीदियां शामिल होंगी।

### धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** थाना पामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैसो सेमरिया रोड में लोहे का धारदार हथियार (कत्तानुमा) लहराकर राहगीरों को भयभीत करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक सड़क पर धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही थाना पामगढ़ पुलिस ने तत्काल रेड कार्रवाई कर आरोपी सागर प्रजापति उर्फ कौवा, पिता सनत प्रजापति, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम भैसो के कब्जे से लोहे का धारदार कत्तानुमा हथियार बरामद किया गया है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन 1 अप्रैल तक

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल निर्धारित है। निर्धारित समयसीमा में आवेदन करने वाले युवाओं को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

## टेमर रेलवे समपार पर सुबह और शाम लगा जाम, राहगीर परेशान

# फाटक पर रूकी मालगाड़ी, दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

टेमर रेलवे समपार पर मालगाड़ी के अचानक रूक जाने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। तकरीबन पौन घंटे के बाद मालगाड़ी आगे बढ़ी और समपार पर आवागमन शुरू हो सका। खास बात यह है कि सुबह जाम के बाद शाम को फिर से फाटक बंद होने से जाम की स्थिति फिर बनी। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही।

शुक्रवार 27 मार्च को रामनवमीं के दिन जहां सक्ती सोंठी अड़भार मार्ग पर लोगों की भीड़ रही। वहीं टेमर रेलवे समपार पर जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। यहां शुक्रवार 27 मार्च की शाम रामनवमी को शाम 5:15 बजे अचानक डबल इंजन वाली मालगाडी फाटक के बीचो बीच आकर रूक गई। मालगाड़ी के फाटक पर आधे से अधिक घंटे समय तक रूकने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। तकरीबन पौन घंटे के बाद मालगाड़ी निकली और फाटक खुलते ही दोनों ओर से वाहनों का रेला आने जाने लगा। इसके एक घंटे के अंतराल में फिर से गाड़ियों की आवाजाही को लेकर फाटक बंद कर दिया गया। जिसके कारण दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें फिर से लग गई। इस दौरान आने जाने वाले फाटक खुलने का इंतजार करते रहे। काफी देर बाद जब फाटक खुला तो आने जाने वालों की भीड़ के चलते जाम लग गया। इस जाम को खुलवाने में पुलिस के साथ राहगीरों के भी पसीने छूट गए। खास बात यह है कि इस जाम के दौरान मरीज सेवा में लगी एम्बुलेंस भी फंसी रही। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से ग्राम पंचायत सोंठी के ग्रामीण सोंठी समपार के लिए बनाए जा रहे ब्रिज से जोड़कर, टेमर समपार फाटक के लिए भी ब्रिज बनाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव भी पारित किया गया है। बहरहाल कारण चाहे चाहे जो भी हो लेकिन फाटक बंद होने से जहां आए दिन जाम लगता है। वहीं रामनवमी के दिन फाटक के बीचो बीच मालगाड़ी रूकने से आवागमन बंद हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गई।





मालगाड़ी रूकने से बनी जाम की स्थिति



जाम में फंसा एम्बुलेंस।

### मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, हादसे में चालक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** झरप मोड के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सक्ती जिले की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छपोरा निवासी धनंजय सिदार अपने घर से ससुराल जा रहा था। इसी दौरान झरप मोड़ के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे गिर गया। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जहां यह हादसा हुआ, वह क्षेत्र काफी घुमावदार है और तेज गति में वाहन चलाने पर यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने युवक को खेत के पास गंभीर हालत में पड़ा देखा, जिसके सिर और चेहरे पर गहरी चोटें थीं और काफी खून बह चुका था। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हसौद थाना प्रभारी राजेश पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर पहलू से मामले की जांच जारी है।



# बिजली कनेक्शन विवाद को लेकर पिता की हत्या

## डभरा थाना क्षेत्र के रामभांठा की घटना



मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली कनेक्शन को लेकर हुए विवाद में पुत्र ने अपने पिता की हत्या कर दी। घटना डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम रामभांठा की है।

इस संबंध में डभरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 26 मार्च की है। सुमित कुमार महिलांगे का अपने पिता मनबोध महिलांगे से बिजली कनेक्शन लेने को लेकर विवाद हुआ। देखतो ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तैश में आकर सुमित कुमार ने अपने पिता पर पाईप से हमला कर दिया। हमला में मनबोध के सिर, चेहरा और आंखों पर गंभीर चोटें आई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग खड़ा हुआ। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना डभरा में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची एवं जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी सुमित कुमार महिलांगे उम्र 35 वर्ष ने बिजली कनेक्शन को लेकर हुए विवाद में अपने पिता मनबोध महिलांगे पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनके सिर, चेहरे एवं आंख पर गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच में यह भी ज्ञात हुआ कि आरोपी की विगत कुछ वर्षों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसकी पुष्टि के लिए संबंधित तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लिया गया। घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप आरोपी के कब्जे से विधिवत जप्त किया गया। घटनास्थल का एफएसएल टीम द्वारा निरीक्षण, मर्ग पंचनामा, गवाहों के बयान की कार्यवाही पूर्ण कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# राहौद डकैती कांड में फरार चल रहे दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

राहौद में दिन दहाड़े घर से लगे ज्वेलरी शॉप में घुसकर सामान पार करने के साथ दंपत्ति से बेरहमीपूर्वक मारपीट करने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपी को पहले ही पकड़ा जा चुका है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुदीप कुमार निवासी राहौद थाना शिवरीनारायण के घर से लगे दुकान में चार डकैतों ने धावा बोल दिया था। 19 मार्च की सुबह करीब 8 बजे सुदीप अपने मकान से नीचे उतर कर नीचे का दरवाजा खोलकर अंदर गया। उसी समय बजे चार व्यक्ति दरवाजा के अंदर घुसे थे। वे मकान के अंदर रखे दो एप्पल के मोबाइल कीमत 80 हजार रुपए ओर एक नग सेमसंग मोबाइल कीपैड कीमत 1 हजार रुपए एवं काउंटर से अन्य सामान चोरी किए थे। प्रार्थी की नजर पडते ही आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। वे प्रार्थी को बलपूर्वक घर के भीतर कमरे की ओर ले गए और उसकी पत्नी को भी कमरे में बंद करने की कोशिश करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने दोनों पति पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान प्रार्थी का बेटा रोता बिलखते बाहर निकला। उसकी आवाज सुनकर एक राहगीर बीच बचाव करने घर के अंदर प्रवेश किया, तब तीन लड़के भाग गए। इस बीच एक आरोपी प्रियेश बर्मन निवासी केसला को उन्होंने धर दबोचा। घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस टीम पहुंची। पूरा घटनाक्रम सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने मौके पर पकड़े गए आरोपी प्रियेश बर्मन को डकैती के आरोप में गिरफ्तार किया और बाकी आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस मामले में पुलिस टीम ने आरोपी रवि निर्मलकर उर्फ बिल्लू एवं श्यामजी सिन्हा उर्फ बूटी निवासी अकलतरा जो घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। पूछताछ करने पर अपने साथियों के साथ घटना घटित करना जुर्म करना स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 96/2026 धारा 331(5), 305 (ए), 3(5) बीएनएस कायम कर भेजा गया गया। कार्यवाही मे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी शिवरीनारयण, सउनि, आर पी बघेल, प्रधान आरक्षक तारिकेश पाण्डेय, आरक्षक श्रीकांत सिंह, विवेक सिंह, आरक्षक यशवंत पाटले एवं, पुलिस सहायता केंद्र का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## योजना का लाभ लेने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

# 21 हजार 147 किसानों का अब तक नहीं बन पाया आईडी फार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले में 94 हजार 48 पंजीकृत किसानों की संख्या है। इनमें से 72 हजार 901 किसानों का आईडी फार्मर किया जा चुका है। वहीं अभी भी 21 हजार 147 किसानों का आईडी फार्मर करना बाकी है। आईडी फार्मर नहीं कराने की स्थिति में किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते है।

ज्ञात हो कि किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने यह निर्णय योजनाओं का लाभ सही और पात्र किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से लिया है। शासन द्वारा खाद की बिक्री में पारदर्शिता लाने और विभागीय योजनाओं की सब्सिडी का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल के अंतर्गत किसानों को शत-प्रतिशत "फार्मर आईडी" बनवाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत विभागीय योजनाओं का लाभ केवल जमीन के मालिक या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को फार्मर आईडी होने पर ही मिलेगा। वर्तमान में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 94 हजार 48 से भी अधिक है। इनमें से 72 हजार 901 किसानों का आईडी फार्मर हो चुका है। लगभग 21 हजार सक्रिय किसानों का फार्मर आईडी बनाया जाना शेष है। फार्मर आईडी पंजीयन के लिए किसान राज्य के एग्रीस्टेक प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन या नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर आसानी से पंजीयन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान आधार कार्ड, ई-केवाईसी, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और बी-1 जैसे दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। एग्रीस्टेक के माध्यम से शासन बीज, खाद, कीटनाशक, ऋण एवं पीएम किसान जैसी सभी योजनाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करा रहा है। इससे न केवल फर्जी लाभार्थियों की पहचान होगी, बल्कि वास्तविक किसानों को समय पर और सही योजना का लाभ मिल सकेगा। एग्रीस्टेक फार्मर आईडी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विभाग के विकासखंड स्तरीय कार्यालय या नजदीकी सीएससी सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।








## खबर संक्षेप



### नगर पालिका अध्यक्ष ने 23 हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड

**बांकीमोंगरा।** शासन की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की कड़ी में बांकीमोंगरा नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के हाथों 23 पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्डों का वितरण किया गया। कार्ड मिलते ही हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि राज्य सरकार और नगर पालिका प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार राशन की सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक गरीब परिवार के लिए सम्मानजनक जीवन और पोषण का आधार है। हमारी प्राथमिकता है कि शासन की हर योजना का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे। हितग्राहियों का कहना था कि कार्ड बन जाने से अब उन्हें कम कीमतों पर अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुएं मिल सकेंगी, जिससे उनके घरेलू बजट में काफी राहत मिलेगी।

### विकास के पथ पर अग्रसर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र : प्रेमचंद

**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा सड़क निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों के द्वारा मांग की गई थी जिसे देखते हुए डोंगरी में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मूढ़ाली से डोंगरी तक 2.175 किमी सड़क निर्माण कार्य (लगभग 1.92 करोड़ लागत) का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे आवागमन सुगम होगा एवं विकास को नई गति मिलेगी, इस अवसर पर पूर्व युवा आयोग सदस्य रघुराज सिंह, सरपंच श्रीमती भगवती कंवर, इन्द्रपाल सिंह कंवर , जनपद सदस्य कमल, युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र चौहान, मनबोध दास, मन्नु राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम सतत प्रतिबद्ध हैं।

### गोपाल बने जिला कांग्रेस कमेटी कटघोरा ब्लॉक ग्रामीण के महामंत्री

**हरदीबाजार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस हरीश परसाई तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें गोपाल यादव को जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री के रूप में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। आगामी बूथ कमेटी विस्तार को लेकर सभी ब्लॉकों के प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किया जा रहा है। इसी तारतम्यता में गोपाल यादव को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटघोरा ग्रामीण के प्रभारी का जिम्मेदारी दी गई है। श्री यादव ने बताया आने वाले समय में कटघोरा ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव के साथ मिलकर समस्त कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क किया जाएगा तथा बूथ लेवल में कार्यकर्ताओं की नियुक्ति तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का महिम चलाया जाएगा।

### मोट्राईज़्ड ट्राईसाइकिल मिली दिव्यांग सूरज को

**कोरबा।** नगर पालिका निगम क्षेत्र के सेमीपाली-जमनीपाली निवासी 32 वर्षीय सूरज कुमार जन्म से ही शत प्रतिशत अस्थि-बाधित दिव्यांगता के बावजूद हिम्मत नहीं हारे। दो पैरों से पूर्णतः दिव्यांग होने के कारण उनका हर दिन संघर्ष और तकलीफ़ों से भरा था। चलना-फिरना, दैनिक कार्यों को करना, बाहर जाना-हर कदम पर मुश्किलें उनका जीवन बोझिल बना देती थीं। फिर भी जीवन को आगे बढ़ाने की उनकी इच्छाशक्ति कभी कमजोर नहीं हुई। बेहतर सहारे की तलाश में 14 मार्च को वे लोक अदालत में उपस्थित हुए और मोट्राईज़्ड ट्राईसाइकिल की मांग रखी।

# सर्विस रिकार्ड सुधारने के लिए शिक्षकों को नहीं पड़ेगा भटकना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सर्विस रिकार्ड सुधारने के लिए शिक्षकों को अब भटकना नहीं पड़ेगा। लोक शिक्षण संचालक (डीपीआई) शिक्षा विभाग को एक आदेश जारी कर सर्विस रिकार्ड सुधारने के लिए 15 अप्रैल तक की तिथि तय की है और इसके लिए हाई व हायर सेकेंडरी के लिए दो प्राचार्यों की ड्यूटी लगाने के आदेश भी दे दिए गए हैं। इससे उन शिक्षकों को राहत मिलेगी जो सेवानिवृत्त के नजदीक पहुंच चुके हैं और जिनके सर्विस रिकार्ड में सुधार नहीं हुआ है।

शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में तमाम तरह की छोटी छोटी गलती के कारण उसके सुधार के लिए शिक्षकों को बीईओ कार्यालय से लेकर डीईओ कार्यालय तक का चक्कर काटना पड़ता था उसके बावजूद महीनों तक सेवा पुस्तिका में सुधार नहीं होने के कारण कई शिक्षकों के इंक्रीमेंट और अवकाश प्रविष्टी दर्ज नहीं हो पाती थी।

## डीपीआई ने शिक्षा विभाग को जारी किया आदेश

**खास बातें**

- 15 अप्रैल तक सुधारना होगा सर्विस रिकार्ड
- 16 से 30 अप्रैल तक दुरुस्तीकरण कार्य का होगा सत्यापन




### क्या है सर्विस रिकार्ड

शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए सेवा पुस्तिका एक महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेज है। जिसमें कर्मचारी और शिक्षकों की ज्वाईनिंग से लेकर सेवानिवृत्त तक का पूरा लेखा जोखा रहता है। सेवा पुस्तिका में कर्मचारी ने कब ज्वाईनिंग की, कब कब किस किस तिथि में उसको प्रमोशन मिला और इस दौरान कहां तबादला हुआ तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही अगर की गई है उसका उल्लेख रहता है। सेवा पुस्तिका का महत्व सेवानिवृत्त के बाद बढ़ जाता है। इसके आधार पर ही पेंशन और सेवानिवृत्त जैसे देयकों का भुगतान होता है।

कलेक्टर में होने वाली कर्मचारी परामर्श दात्री की बैठक में भी शिक्षकों की इन समस्याओं को लेकर कई बार मुद्दा उठा था। जिस पर अधिकारियों के निर्देश के बाद भी बीईओ कार्यालय में चलने वाले बाबूराज के कारण शिक्षकों को भटकने से मुक्ति नहीं मिल पाती थी। स्थिति यह हो जाती थी कि भेंट और भटकने के बीच किसी एक को शिक्षकों को चुनना पड़ता था। ऐसी स्थितियों को लेकर लोक शिक्षण संचालक ने आदेश जारी कर शिक्षकों के सेवा पुस्तिका को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। डीपीआई का कहना है कि कई शिक्षकों के सेवा पुस्तिका में अपूर्ण अभिलेख होने के कारण उन्हें शासकीय सुविधाएं नहीं मिल पाती थी। इसके लिए सेवा पुस्तिका का सुधार आवश्यक है। डीपीआई के आदेश के तहत 1 से 15 अप्रैल तक दुरस्तीकरण का कार्य होगा उसके बाद 16 से 30 अप्रैल के मध्य ड्यूटी लगाकर अधिकारी कर्मचारियों के सेवा अभिलेख का परीक्षण करेंगे उसके बाद कार्य पूर्णतः का प्रमाण पत्र जारी करेंगे।

## पाड़ीमार जोन के निहारिका व उसके आसपास के पूरे क्षेत्र में होगी सप्लाई

# शहर में सब स्टेशनों को एक दूसरे से जोड़ कर डबल सप्लाई की हो रही है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के सीजन में शहर वासियों को बिजली की आंख मिचौली का सामना न करना पड़े इसके लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा शहर के अलग-अलग सब स्टेशन में डबल सप्लाई की सुविधा दी जा रही है। ताकि लंबे समय तक बिजली बंद होने पर दूसरे सब स्टेशन से जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जा सके।

उल्लेखनीय की शहर के पाड़ीमार और तुलसी नगर जोन जो शहर को मुख्य रूप से राजस्व की देनदारी करता है। इसके बाद भी गर्मी के दिनों में बिजली की आंख मिचौली आम बात होते जा रही है। पावर लोड होने की वजह से इस तरह की समस्या आम बात है लेकिन गर्मी के दिनों में शहर वासियों को बिजली की आंख मिचौली का सामाना न करना पड़े इसके लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत वितरण विभाग द्वारा सब स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। सब स्टेशन को एक दूसरे से जोड़कर डबल सप्लाई की विद्युत व्यवस्था बनाई जा रही है ताकि एक सबस्टेशन में किसी तरह की तकनीकी खामी आने पर दूसरे सब स्टेशन से जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जा सके। निश्चिततौर पर विद्युत वितरण विभाग द्वारा व्यवस्था की जा रही है। यदि इसके तहत लाभ मिलने लगा तो काफी हद तक शहरवासियों को गर्मी में बिजली की आंख मिचौली का सामना नहीं करना पड़ेगा। विद्युत वितरण विभाग को निहारिका क्षेत्र से सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है। जिसमें राजेंद्र प्रसाद नगर, शिवाजी नगर, एमपी नगर, आरएसएस नगर सहित सीएसईबी कॉलोनी का इलाका शामिल है। इन सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा मिनीमाता कॉलेज के ठीक पीछे स्थित शिवाजी नगर में सब स्टेशन और सीएसईबी कॉलोनी के सीडीएफ सब स्टेशन का निर्माण किया गया है लेकिन इन तीन सब स्टेशन के माध्यम से पूरे इलाके को विद्युत आपूर्ति की जाती है और गर्मी के दिनों में ओवरलोड की स्थिति निर्मित होती है। अब 1 किलोमीटर के दायरे में यह चौथा सब स्टेशन निहारिका में तैयार कर चार्ज किया जा चुका है।




### तीन हजार उपभोक्तओं को मिलेगा लाभ

निहारिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजेंद्र प्रसाद नगर, साडा कॉलोनी, शिवाजी नगर, आरएसएस नगर, एमपी नगर, घंटाघर व सीएसईबी कॉलोनी के लगभग 3 हजार उपभोक्ताओं को निहारिका सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। पाड़ीमार जोन के एई कृष्णचंद जोशी ने बताया कि डबल सप्लाई के तौर पर इस सब स्टेशन का निर्माण किया गया है। साथ ही गर्मी के दिनों में ओवरलोड होने की स्थिति में इस सबस्टेशन के माध्यम से इस इलाके के कई क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी और आपात की स्थिति में यदि किसी सब स्टेशन में फॉल्ट आता है तो इस सब स्टेशन से बैकअप दिया जा सकेगा और उस इलाकों को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

### जोड़ा गया है डबल सप्लाई से

सुभाष चौक के समीप 33 गुणा 11 केवी का सब स्टेशन तैयार किया गया है। इसके अलावा निहारिका क्षेत्र में ही पहले से तीन सब स्टेशन संचालित थे। निहारिका सब स्टेशन के माध्यम से निहारिका क्षेत्र को डबल सप्लाई का लाभ मिलेगा और लगभग 3 हजार उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा और गर्मी के दिनों में ओवरलोड की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

-कृष्णाचंद जोशी,
एई वितरण विभाग, पाड़ीमार जोन

## कार में लगी आग, जलकर खाक



आग से धूं-धूंकर जलती कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में एक कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मामा के घर आए भांजे की कार झाड़ियों में लगी आग की चपेट में आ गई, जिससे कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र के सेंट पॉलिटी स्कूल के पीछे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पहले आसपास की झाड़ियों में आग लगी थी, जो देखते ही देखते फैलकर पास खड़ी कार तक पहुंच गई। आग की लपटें तेज होने से कार कुछ ही समय में पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फिलहाल इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन कार को भारी नुकसान हुआ है। वहीं इस मामले को लेकर मानिकपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि देर शाम तक इस मामले में किसी ने शिकायत की है।

### डीजे बजाने के नाम पर हंगामा हुई चाकूबाजी, दो हिरासत में

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में बीती रात को एक बारात में बज रहे डीजे के उपर चढ़कर हंगामा कर रहे युवकों को मना करने पर चाकूबाजी की घटना सामने आयी है। जहां मोतीसागर पारा में रहने वाले युवकों ने दुरपा रोड निवासी संदीप भारद्वाज (24 वर्ष) के उपर चाकू से हमला कर दिया है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना के बाद तत्काल पुलिस हरकत में आयी और नगर कोतवाली मोतीलाल पटेल ने मामले में हमलावार युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि पुलिस इस मामल में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### रोहिदास मोहल्ले के दलित परिवारों का मुआवजा अटका, उग्र आंदोलन की चेतावनी



**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमगांव के रोहिदास मोहल्ला निवासी दलित परिवारों ने प्रबंधन पर भेदभाव और शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी भूमि और संपत्तियों का अर्जन किए तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें अब तक मुआवजा और पुनर्वास की सुविधाएं नहीं दी गई हैं जबकि उसी क्षेत्र के अन्य लोगों को सभी लाभ देकर बसाया जा चुका है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2023 में मूल्यांकन कमेटी द्वारा मकानों और संपत्तियों की नापी कर पावती दी जा चुकी है इसके बावजूद भुगतान की प्रक्रिया रुकी हुई है। पीड़ित परिवारों ने बताया कि वे दलित वर्ग (रोहिदास समुदाय) से संबंध रखते हैं मोहल्ले के अन्य प्रभावशाली लोगों को मुआवजा और बसाहट की सुविधा मिल चुकी है लेकिन कुछ चुनिंदा परिवारों को उनके हक से वंचित रखा गया है पिछले 3 वर्षों से मुआवजे के इंतजार में ग्रामीण दर-दर भटक रहे हैं ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल प्रबंधन जानबूझकर मामले को लटका रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल गेवरा को मांग पत्र सौंपते हुए स्पष्ट किया है कि यदि उनकी संपत्तियों का तत्काल मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्रदान नहीं की गईं तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि किसी भी अप्रिय स्थिति या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में संपूर्ण जवाबदेही एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

# सूने मकान में हुई चोरी के आरोपी गिरफ्तार सोने चांदी के जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सजग कोरबा सदर कोरबा अभियान के तहत चौकी मानिकपुर, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सूने मकान में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। घटना के अनुसार 10 मार्च को अज्ञात लोगों के द्वारा एक सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर सोना-चांदी के जेवरात, नगदी राशि लगभग 5000 रुपये एवं अन्य सामान सहित कुल 2–3 लाख रुपये मूल्य की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली चौकी मानिकपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

**खास बात**

- तीन आरोपियों ने घटना को दिया था अंजाम

अपराध पंजीबद्ध करने के बाद पुलिस द्वारा घटना की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना अपराध स्वीकार करने की जानकारी दी। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने चोरी गए मशरुका को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में हनुमान मंदिर के पास थाना सिविल लाइन रामपुर निवासी अरुण कुमार सतनामी उम्र 22 वर्ष पिता छतराम सतनामी, पुराना शिव मंदिर के पास चौकी मानिकपुर निवासी देवेंद्र कुमार धीवर उर्फ अंडा, उम्र 20 वर्ष, पिता ननकी राम धीवर एवं क्वार्टर नंबर एफ-7 आईटीआई रामपुर निवासी आकाश यादव उम्र 20 वर्ष, पिता रामलाल यादव शामिल हैं।



जप्त मशरुका के साथ पकड़े गए आरोपी।

### आरोपियों से ये सामान हुए बरामद

पुलिस ने आरोपियों से सोना-चांदी के जेवरात, नगदी राशि, कांसा एवं पीतल के बर्तन, पूजा में प्रयुक्त सामग्री, तांबे का लोटा, एक मोटर सायकल, चांदी के सिक्के एवं सोने के बिस्किट जप्त किए गए हैं। सभी बरामद सामग्री को विधिवत जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 305(1), 3(5) बीएनएस के तहत वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पूर्व में आरोपी आकाश मरावी, रोहित शर्मा एवं निखिल बर्मन को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

### मानिकपुर रेलवे ट्रैक के समीप मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त



**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत उरांव बस्ती समीप रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। सुबह लगभग 10 बजे शव देखे जाने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर काम करने वाले मजदूरों ने सुबह युवक को एक पैर के ऊपर पैर रखकर सोया हुआ देखा था। पास में पानी की बोतल भी थी, जिससे उन्हें लगा कि वह आराम कर रहा है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया। टीम ने मौके पर जांच की। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में पता चला कि युवक पिछले कुछ दिनों से आसपास घूमते हुए देखा गया था। आशंका जताई जा रही है कि वह मानसिक रोगी था और उसकी मौत भूख के कारण हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरबा अंतिम स्टेशन होने के कारण अक्सर मानसिक रोगियों को ट्रेन में बैठा दिया जाता है, जिससे वे सीधे कोरबा पहुंच जाते हैं। इस वजह से जिले में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की है, लेकिन युवक की मौत कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई पुलिसिया जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

## छुरी में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान शिविर

# अधिक से अधिक लोगों को मिले योजना का लाभ : भीम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में सुधार तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए पॉवर कंपनी प्रतिबद्ध है। साथ ही मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 कोरोना महामारी के समय आर्थिक परेशानी व अन्य कारणों से बिजली बिल जमा नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए लाभदायक है।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कटघोरा संभाग अंतर्गत छुरी वितरण केन्द्र में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कही। श्री कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना पावर कंपनी का दायित्व है। मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत आज पात्र 84 उपभोक्ताओं ने बकाया मूल राशि तथा अधिभार में छूट हेतु आन स्पॉट पंजीयन कराया जिन्हे योजना के तहत राशि 9 लाख 50 हजार रूपये छूट का लाभ प्राप्त हुआ है। छुरी निवासी संतोष यादव द्वारा अपने बकाया बिजली बिल की राशि 10413 रूपये में छूट हेतु इस योजना के तहत पंजीयन कराया गया, जिन्हे मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधानयोजना के अंतर्गत बकाया राशि में शतप्रतिशत छूट प्राप्त हुई है। शिविर में बकायेदार उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आनस्पॉट रजिस्ट्रेशन कर उन्हे योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इस योजना में बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में 100 प्रतिशत तक तथा मूलराशि में बीपीएल उपभोक्ताओं को 75 प्रतिशत एवं घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्तागण उत्साहपूर्वक सम्मिलित भी हो रहे हैं।



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक




**हरदीबाजार।** विधानसभा कटघोरा के ग्राम जवाली में मिशन गांव चलो अभियान पंचायत स्तर से लेकर बूथ स्तर को और अधिक मजबूत करने के लिए दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमें रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरषोत्तम कंवर, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मनोज चौहान, प्रदेश के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, जिलाध्यक्ष कांग्रेस श्रीमती प्रभा सिंह तंवर, संतोषी पाटले जिला महामंत्री, गोपाल यादव सांसद प्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलालयादव, दिलीप सिंह, रामनारायण पटेल, अशरफ मेमन, गुलशन जायसवाल, जनपद सदस्य कमल बेलदार, शत्रुहन सिंह, कन्हैया कुर्रे, राजेंद्र यादव, मनमोहन राठौर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, विकास सिंह युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, हर्षिता राजपूत पार्षद, प्रशांति सिंह, उषा राठौर, सजन सिंह, लल्लू सिंह व अधिक संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



## वाल्मीकि रामायण की पहली झलक जारी, राम के दिखे चरण

**मुंबई।** आगामी फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर भगवान राम के चरण दिखाए गए हैं। यह तस्वीर आस्था, करुणा और पवित्र यात्रा शुरू करने से पहले आशीर्वाद लेने के काम को दिखाती है। यह फिल्म इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी। फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता भावना तलवार ने संभाली है। गुरुवार साझा किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब तक पहाड़ खड़े रहेंगे और नदियां बहती रहेंगी, रामायण जिंदा रहेगी'। बता दें कि यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक मजबूत टीम एक साथ काम कर रही है।

### लाइफ Style



# जैस्मिन

## पंजाब की मिट्टी ने दी आवाज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी दमदार आवाज और रूहानी सुरों से जैस्मिन सैंडलस मे अपना एक अलग मुकाम बनाया है। पंजाब से शुरू हुई जैस्मिन की कहानी आज उनके गानों के जरिए फैंस की जुबान पर हैं। एक वक्त था जब सिंगर बुरी तरह टूटीं मगर जब वो दोबारा उठीं तो सिंगिग की दुनिया की 'धुरंधर' बन गईं।

आदित्य घर की 'धुरंधर' से एक तरह से जैस्मिन को दोबारा बड़े लेवल का चांस मिला। पहले पार्ट में 'धुरंधर' के टाइटल गाने से जैस्मिन की शुरूआत हुई। इसी फिल्म में उन्होंने 'शरारत' भी गया जो भारत समेत सीमा पार कर पाकिस्तान में खूब लोकप्रिय हुआ। 'धुरंधर द रिवेंज' में शाश्वत सचदेव के म्यूजिक कंपोजीशन में ज्यादातर गानें जैस्मिन सैंडलस के ही नाम रहे। साथ ही मशहूर पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज के साथ काम करने का जैस्मिन का सपना भी 'धुरंधर द रिवेंज' से पूरा हो गया। आज सिंगर एक बार फिर चर्चा में हैं और अपनी सफलता का जश्न मना रही हैं। 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' के बाद सिंगर जैस्मिन सैंडलस को फैंस का काफी प्यार मिल रहा है। मगर पंजाब की गलियों से लेकर आज स्टेज पर आग लगाने तक का सफर जैस्मिन के लिए आसान नहीं था। अपनी कड़ी मेहनत और मां के सपोर्ट के दम पर आज जैस्मिन की आवाज जगह-जगह गूंज रही है। पंजाब में जन्मी जैस्मिन को बचपन से ही गाने का बड़ा शौक था। उनकी मां उन्हें लेकर सिंगिग के लिए स्कूल के प्रोग्राम में लेकर जाती। छोटी जैस्मिन को पारंपरिक पंजाबी गाने बहुत अच्छे लगते थे।

### हॉलीवुड मसाला




## ट्रेलर देख रोंगटे हो जाएंगे खड़े

**लॉस एंजिल्स।** हांगकांग की आगामी एक्शन फिल्म 'द फ्यूरियस' का ट्रेलर ही सामने आया है, लेकिन फिल्म के एक्शन को लेकर ये लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। 2 मिनट 6 सेंकड के इस ट्रेलर में इतनी बर्बरता और क्रूरता देखने को मिली है। कि आप एनिमल के रणविजय और धुरंधर के हमजा व रहमान डकैत की क्रूरता को भी रहम ही समझेंगे। फिल्म की कहानी वेई (शी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूह द्वारा अपहरण की गई अपनी बेटी की तलाश कर रहा है। वेई की मदद नवीन (तस्लीम) करता है।



## हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स... सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के नए टीवी सीरीज हैरी पॉटर का ट्रेलर बुधवार देर रात जारी किया गया। राइटर जेके रोलिंग की किताब पर आधारित एचबीओ का यह अडैप्टेशन हैरी पॉटर की असल फिल्म सीरीज के काफी अलग होगी। इसकी झलक के साथ ही मेकर्स ने फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है। मेकर्स ने साफ किया है कि यह सीरीज समय से पहले क्रिसमस 2026 पर रिलीज होगी। एक और चौंकाने वाली बता यह है कि इस सीरीज का ऑफिशियल टाइटल सिर्फ हैरी पॉटर नहीं, बल्कि हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन है। ऐसे में फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि यह इस टीवी सीरीज का सिर्फ पहला सीजन होगा। इसे फिल्म और नॉवेल की तरह ही कई पॉर्ट्स में रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के ट्रेलर में यंग हैरी और उसके दोस्त हरमाइनी ग्रेंजर व रॉन वीज्ली को हॉगवर्ट्स में अपने पहले साल में दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ सीन से यह तो साफ है मेकर्स ने फिल्म को सीन-ब-सीन कॉपी न करते हुए और डिटेल में कहानी बयां की है।



## टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

**मुंबई।** राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित 'टोस्टर'ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट जारी करते हुए एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में राजकुमार राव नजर आते है, जो ये बताते हैं कि उनकी फिल्म 'टोस्टर'5 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इसके साथ ही राजकुमार फिल्म में अपने किरदार और फिल्म की बाकी कास्ट के बारे में भी जानकारी देते हैं। फिल्म में राजकुमार राव रमाकांत नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो एक कंजूस व्यक्ति है। कैप्शन में मेकर्स ने बताया है कि 'ये एक जबर-टोस्ट कॉमेडी होने वाली है।' वीडियो में राजकुमार राव से एक मोनोलॉग बोलने के लिए कहा जाता है और उन्हें स्क्रिप्ट दी जाती है। लेकिन राजकुमार कहते हैं कि हर बार मोनोलॉग बोलना जरूरी थोड़ी है।



## आखिरी सवाल में होंगे मुख्य भूमिका में

**मुंबई।** संजय दत्त इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। संजय दत्त की अगली फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। इसका नाम 'आखिरी सवाल'है। संजय दत्त फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। गुरुवार को फिल्म आखिरी सवाल का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। आखिरी सवाल के निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आखिरी सवाल फिल्म में संजय के अल्वा अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, नीतू चंद्रा और त्रिधा चौधरी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### टीवी मसाला



## 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** सीरियल अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच पिछले कई हफ्तों से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बने रहने की जंग चल रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास' ने बाजी मारी है। एक बार फिर टीआरपी क्वीन का खिताब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तुलसी के सिर पर सजा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 सीरियल को दसवें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी, ग्यारहवें हफ्ते भी इसने अपने टीआरपी को बरकरार रखा है। 2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का स्पीन ऑफ सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं'हाल ही में शुरू हुआ है। इस सीरियल को ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इस सीरियल की टीआरपी 1.9 रही है। दसवें हफ्ते में सीरियल 'अनुपमा'1.9 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर था, लेकिन ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी कम हुई है, ग्यारहवें हफ्ते में इसकी टीआरपी 1.8 रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल 'वसुधा'है, इसकी टीआरपी 1.8 है। वहीं ,पांचवें नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां'रहा है, इसकी टीआरपी 1.8 है। हाल ही में खत्म हुए रियलिटी शो 'द 50' की टीआरपी ग्यारहवें हफ्ते में भी काफी कम रही है, इसको 0.6 की टीआरपी मिली है। यह रियलिटी शो 'बिग बॉस'जैसे जादू दर्शकों पर नहीं चला पाया है।

## अब घर बैठे देख सकेंगे मर्दानी-3

**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' अगर आपने सिनेमाघरों में नहीं देखी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं। क्योंकि सिनेमाघरों के



बाद अब फिल्म 'मर्दानी 3' ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट और प्लेटफॉर्म दोनों की घोषणा कर दी है। 'मर्दानी 3' शुक्रवार 27 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। खुद नेटफ्लिक्स की ओर से एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी साझा की गई है। फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, 'अपराधियों के बुरे दिन शुरू। शेरनी आ रही है शिकार करने। 27 मार्च को नेटफ्लिक्स पर मर्दानी 3 देखें।'अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित 'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है।

## एक दिन का गाना ख्वाब देखूं रिलीज दिखी जुनैद-साई की केमिस्ट्री

**मुंबई।** गुरुवार को जुनैद खान और साई पलल्वी की फिल्म 'एक दिन' का गाना 'ख्वाब देखूं' रिलीज हो चुका है। इस रोमांटिक गाने को साई और जुनैद पर फिल्माया गया है। यह एक



रोमांटिक गाना है। इस गाने को अरिजीत के साथ पार्श्वगायक तरन्नुम मलिक जैन ने गाया है, जो फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि 'ख्वाब देखूं' गाने का कुछ हिस्सा कुछ हफ्ते पहले रिलीज हुए 'एक दिन' के ट्रेलर में भी दिखाया जा चुका है। इस गाने को अरिजीत के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। 'एक दिन' एक रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर और केविन दवे सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे। आमिर खान की इस फिल्म की शूटिंग ज्यादातर जापान में हुई है। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है। इसकी पटकथा स्नेहा देसाई और स्पंदन मिश्रा ने मिलकर लिखी है। वहीं, मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित इसके निर्माता हैं। 'एक दिन' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिंदास और बेफिक्र इंसान होता है सबसे ज्यादा फैशनेबल : सिद्धांत

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने छोटे से कॅरियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। यही कारण है कि उनकी गिनती इंडस्ट्री के उभरते हुए सितारों में होती है। असल जिंदगी में काफी ग्राउंडेड नजर आने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने अब सोशल मीडिया पर फैशन के बढ़ते दबाव के बारे में खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर भी बताया। सिद्धांत चतुर्वेदी स्पष्ट तौर पर कहा कि मेरी पहली पहचान एक अभिनेता के रूप में है, न कि फैशन आइकन के रूप में। फैशन को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए सिद्धांत ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे फैशनेबल व्यक्ति वह है, जो ज्यादा नहीं सोचता, थोड़ा बेफिक्र और बिंदास होता है। आखिरकार किसी के व्यक्तित्व को देखकर उसका स्वैग अपने आप झलक जाता है। अगर आप ज्यादा सोचते हैं, तो आप दूसरों जैसा बनने की कोशिश कर रहे



होते हैं, मुझे ऐसा लगता है। एक्टर ने कहा कि मैं एक अभिनेता बनने आया हूं, मुझे वह अवसर मिला और आज मैं एक अभिनेता हूं। यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। फैशन की बात करें तो, यह सब मेरी फिल्मों में ही है, मतलब वे हमें अच्छे कपड़े पहनाते हैं। मेरा मानना है कि सबका अपना-अपना फैशन होता है। मुझे साधारण रहना ज्यादा पसंद है। फैशन को किसी पर थोपना नहीं चाहिए। सिद्धांत चतुर्वेदी के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आए थे।

### शीश झुकाओ राम गुन गाओ, बोलो जय विष्णु के अवतारी...

## बॉलीवुड के इन गीतों में बसे हैं राम, रफी से लेकर किशोर ने दी आवाज

*नई दिल्ली। पूरे देश में रामनवमी पर भगवान राम के नाम की गूंज सुनाई दे रही है। हर कोई प्रभु राम की आराधना कर रहा है और रामनवमी की शुभकामनाएं दे रहा है। इस मौके पर जानते हैं बॉलीवुड के उन गानों के बारे में जिनमें सुनाई दी राम नाम की धुन। जानते हैं ऐसे ही कुछ प्रमुख राम भक्ति में डूबे गीतों के बारे में।*

### सुख के सब साथी दुख में न कोई

दिलीप कुमार-सायरा बानो की फिल्म गोपी का गीत 'सुख के सब साथी दुख में न कोई'प्रभु राम की आराधना में लिखा हुआ गीत है। इसे दिलीप कुमार पर फिल्माया गया है और इस गीत को गाया है मोहम्मद रफी ने। गाने में संगीत कल्याणजी-आनंदजी का है और शब्द राजेंद्र कृष्ण ने लिखे हैं। ये भजन आज भी काफी लोकप्रिय है।

### दुनिया में है तेरा बड़ा नाम...

1973 में आई धर्मेंद्र की फिल्म 'लोफर'में भगवान राम से जुड़ा एक भजन गीत सुनाई देता है- 'दुनिया में है तेरा बड़ा नाम।'ओमप्रकाश पर फिल्माये गए इस गाने को महेंद्र कपूर ने अपनी आवाज दी। गाने के बोल लिखे हैं आनंद बख्शी ने और संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया है।

### रामजी की निकली सवारी

ऋषि कपूर और जया प्रदा पर फिल्माया गया गीत 'रामजी की निकली सवारी' सरगम फिल्म का है। इस भजन को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से और भी मधुर बना दिया है। जबकि गाने के बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं। इसमें संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का है।





### राम का नाम बदनाम न करो

देव आनंद की 'हरे रामा हरे कृष्णा'फिल्म का गीत 'राम का नाम बदनाम न करो'एक सामाजिक संदेश देने वाला गीत है। इस गाने के शब्द युवाओं को संदेश देते हैं और नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया है और आनंद बख्शी ने लिखा है। गाने में संगीत आरडी बर्मन का है।

### रघुपति राघव राजाराम

रघुपति राघव राजाराम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पसंदीदा भजन रहा है। इस भजन को कई हिंदी फिल्मों में भी इस्तेमाल किया गया है। अलग-अलग वर्जन और अलग-अलग लिरिक्स के साथ इन पंक्तियों का इस्तेमाल किया गया है। मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम में जहां यह भजन के तौर पर सुनाई देता है। वहीं, ऋतिक रोशन की 'कृष 3' में इन पंक्तियों को मॉडर्न म्यूजिक के साथ एक गाने ते कौर पर इस्तेमाल किया गया है।

### जय श्रीराम जय श्रीराम

साल 2023 में आई प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष रामायण पर आधारित बताई गई थी। लेकिन, फिल्म अपने डायलॉग और किरदारों को लेकर काफी आलोचनाओं में रही थी। हालांकि, भगवान राम की आराधना करने वाला इस फिल्म का गीत 'जय श्रीराम'काफी पॉपुलर हुआ था और लोगों ने इसे पसंद किया था। इस गाने को अजय-अतुल ने गाया है और उन्होंने ही संगीत दिया है। जबकि गाने को लिखा मनोज मुंतशिर ने है।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ



**अकलतरा।** नगर के वार्ड क्रमांक-1 और 2 पोड़ीभाठा में श्री अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा श्रद्धालु शामिल हुए। सर्वप्रथम तालाब पहुंचकर जल भरकर आचार्य पंडित शीतांश पांडे हरदी वाले के द्वारा पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात श्रद्धालू सिर पर कलश लेकर भजन-कीर्तन करते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचें। यात्रा के दौरान पुरा वातवरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अयोजन समिति सदस्यो ने बताया कि अखंड रामायण पाठ होने से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है। आयोजन को सफल बनाने में जनप्रतिनिधियों और नगरिकों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

### शासकीय वेदराम कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य बनी उमानंदनी



**मालखरौदा।** सहायक संचालक उच्च शिक्षा संचनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा पत्र जारी कर शासकीय वेद राम महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के पद पर पदस्थ व्याख्याता उमा नंदनी जायसवाल को प्रभारी प्राचार्य के पद पर 23 मार्च को नियुक्त किया था। उसी के तहत पूर्व प्राचार्य डॉ बी जांगडे ने उन्हें पदभार सौंपा। बता दे डॉक्टर बी जांगड़े लंबे समय से मालखरौदा में प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे जिनके खिलाफ लगातार कॉलेज के छात्र-छात्राएं अनेक मामलों को लेकर उच्च कार्यालय को शिकायत कर रहे थे, जिसके चलते महाविद्यालय की छवि लगातार खराब होती जा रही थी। लगातार पूर्व प्राचार्य द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत कॉलेज की छात्र-छात्राओं द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को किया जाता रहा था, यही वजह है कि उन्हें पद से अब हटाया गया है। बता दे पूर्व में भी उमा नंदनी जायसवाल कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य का पद संभाल चुकी है।

### रामनवमी पर पंचदेव मंदिर में भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन



**अकलतरा।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर नगर के पंचदेव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मुकीम परिवार द्वारा भजन-कीर्तन एवं भंडारा प्रसाद का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात भजन-कीर्तन का दौर प्रारंभ हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि और भावपूर्ण गायन ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा वातावरण "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठा। भक्ति कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में लक्ष्मण मुकीम, डॉ. हरीकृष्ण मुकीम, रविंद्र मुकीम, यशवर्धन मुकीम, निखिल मुकीम एवं अखिल मुकीम सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती कमला महंत

**तालदेवरी।** ग्राम तालदेवरी के महंत समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं ग्राम कोटवार मोहनदास महंत की माता श्रीमती कमला महंत का शुक्रवार 20 मार्च को दोपहर 3.30 बजे हृदयाघात से निधन हों गया। वे 67 वर्ष के थी। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ती धाम में कबीर पंथ के अनुसार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुखाग्नि जेष्ठ पुत्र मोहन दास महंत ने दी।



*श्रीराम नवमी महोत्सव आयोजन समिति ने किया आयोजन, पूरा शहर हुआ राममय व भगवामय*

# श्रीराम नवमीं पर नगर में निकली विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय श्रीराम नवमी महोत्सव आयोजन समिति द्वारा नगर में शुक्रवार 27 मार्च को सायं 5 बजे से रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पलटन बाबा के हनुमान मंदिर से भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन के चलते समूचा शहर राममय व भगवामय हो गया।

श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर शहर में विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा रेलवे स्टेशन के सामने पलटन बाबा के हनुमान मंदिर से रामभक्त बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर सायं 5 बजे निकाली गई। यह शोभा यात्रा बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, सदर बाजार, सम्लेश्वरी चौक से कदंब चौक होते हुए परशुराम चौक स्थित हनुमान मंदिर रात्रि में पहुंची। यहां श्रीराम नवमी महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सायं 5 बजे से भजन संध्या, सायं 6 बजे से दीप दान तथा रात्रि 8 बजे से महाआरती का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के चलते समूचे नगर का माहौल राममय हो गया। महोत्सव के लिए आयोजन समिति द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों सहित विभिन्न चौक-चौराहों सहित स्टेशन मार्ग में लगे सड़क डिवाईडर को भगवा झंडों और तोरण से सजाया गया। इसके अलावा बरपाली चौक तथा लायंस चौक भगवान श्रीराम का आकर्षक तैल चित्र लगाकर चौक को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया। शोभा यात्रा करीब 1 किमी. लम्बी थी जिसके साथ धुमाल पार्टी, डी.जे., बैंड बाजे, कर्मा नर्तक दल, गड़वा बाजा के अलावा जीवंत झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही। इनमें बाहुबली बजरंग बली (रौद्र रूप), भोलेनाथ (रौद्र रूप), नौमुखी काली माँ, राम दरबार, आयोघ्या के रामलला, खाटू वाले श्याम बाबा सहित अनेक सुन्दर झांकियां शामिल थीं। पर्व को लेकर नगर में भी उत्साह का माहौल देखा गया। लोगों ने अपने घरों के सामने दीपक जलाकर तथा रंगोली सजाकर महोत्सव की शोभा बढ़ाई। हनुमान मंदिर प्रांगण में शोभा यात्रा के पहुंचने के बाद महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। यहां महिलाओं के लिए बैठने की विशेष व्यवस्था की गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में पुरूष, महिलाएं, युवा, किशोर तथा बच्चे शामिल हुए जो नाचते गाते हुए उत्साहपूर्ण माहौल बना रहे थे। शोभा यात्रा के चलते समूचा नगर भगवामय रहा। शोभा यात्रा में शामिल रामभक्तों का अनेक स्थानों पर विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं सेवाभावी लोगों द्वारा कोल्ड ड्रिंक, आईस्क्रीम तथा शीतल पेयजल से आत्मीय स्वागत किया गया। इसके अलावा अनेक स्थानों पर भव्य आतिशबाजी करने के साथ ही शोभा यात्रा के समापन स्थल परशुराम चौक में भी आयोजन समिति द्वारा आकर्षक आतिशबाजी की गई।



शोभा यात्रा में शामिल रामभक्त श्रद्धालु।



शोभा यात्रा में शामिल पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं नगरवासी।

## जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर होता रहा गूंजयायमान

**जांजगीर।** राम नवमीं के अवसर पर शहर में श्री राम मंदिर नैला से बैंड पार्टी व लाइव आर्केस्ट्रा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गूंजयायमान होता रहा। शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंची। यहां आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीरामचन्द्र जी की शोभा यात्रा का स्वागत भक्तों ने किया। वहीं हनुमान चालिसा का पाठ व हनुमान जी की महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। राम नवमीं को लेकर पूरे शहर को भगवा ध्वज, बैनर पोस्टर से सजाया गया था।

राम नवमीं के अवसर पर गुरुवार 26 मार्च को जिला मुख्यालय में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें नगरवासी एवं आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। नैला स्थित श्री राम मंदिर से भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान हाथों में जय श्री राम का ध्वज लिए युवा एवं महिला बड़ी संख्या में शामिल हुई। शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए नेताजी चौक, कचहरी चौक होते हुए पुराना रेस्ट हाउस के सामने स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। यहां प्रभू श्रीराम एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। वहीं हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया व शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा में शामिल पुरुष पीले रंग के ड्रेस में थे। वहीं महिलाएं लाल, नारंगी या पील रंग की परिधान एवं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई। शोभा यात्रा का प्रमुख आकर्षण लाइव भजन आर्केस्ट्रा रहा। आर्केस्ट्रा दल खुली ट्राली में भजन गाते हुए शोभायात्रा के साथ-साथ चल रही थी। शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए हिन्दू धर्म के लोगों द्वारा पिछले पंद्रह दिनों से लगातार बैठक आयोजित कर रुपरेखा तैयार की जा रही थी।

## अचानक बदला मौसम का मिजाज अंधड़ के साथ हुई तेज बारिश




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शुक्रवार को शाम के समय मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। इस दौरान बिर्रा सहित आसपास के गांवों में तेज अंधड़ के साथ जमकर बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

गौरतलब है कि इस बार मार्च महीने में तेज गर्मी से लोग परेशान है। सुबह 10 बजे के बाद सूरज की तेज किरणों के चलते लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं जरुरी काम से बाहर जाने वाले लोग गमछा व चश्मा लगाकर बाहर निकल रहे है। शुक्रवार 27 मार्च को मौसम का मिजाज अचानक बदला। वहीं शाम के समय बिर्रा अंचल के गांवों में तेज आंधी तूफान और बर्फबारी के साथ मूसलाधार बारिश हुई। बारिश होने के साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिलने के साथ मौसम में ठंडकता आ गई है। बहुत दिनों के बाद हुई बारिश का लोगों ने खूब आनंद लिया।

## 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ की बेटियों ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने शानदार और जुझारू प्रदर्शन की बदौलत कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है।

- **पांडीचेरी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में दी शिकस्त**

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में पंजाब के हाथों 24-17 से मैच गंवाने के बावजूद छत्तीसगढ़ की टीम ने हौसला नहीं खोया। तीसरे स्थान के लिए हुए बेहद कड़े मुकाबले में टीम ने पांडीचेरी को धूल चटाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पूर्व, क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मैच में बिहार को 21-18 के अंतर से शिकस्त देकर छत्तीसगढ़ ने अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की थी। प्रतियोगिता की शुरुआत से ही छत्तीसगढ़ की टीम विपक्षी टीमों पर पूरी तरह हावी नजर आई टीम ने तेलंगाना को पहले लीग मैच में 31-1 के भारी अंतर से हराया। गुजरात को दूसरे मैच में 18-14 से मात देकर अपने पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया।मध्य प्रदेश को प्री-क्वार्टर फाइनल में 27-6 के विशाल अंतर से शिकस्त दी।बॉक्स कप्तान टी. साईका फ्रैक्चर के बावजूद मैदान पर डटी रहींइस जीत की नायिका टीम की कप्तान टी. साईका (दुर्ग) रहीं। क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान पैर में फ्रैक्चर होने जैसी गंभीर इंजरी के बावजूद उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। अपनी चोट की परवाह किए बिना वह टीम को सेमीफाइनल तक ले गईं, जो उनके अदम्य साहस और टीम भावना को दर्शाता है।विजेता टीम के खिलाड़ीसोनाक्षी मांडवी (दुर्ग), मेघा कुमारी डहरिया (जांजगीर-चांपा) , निशा वर्मा व सुषमा नायक (रायपुर), झिलमिल सोनकर (राजनांदगांव), सिमरन भगत व रुद्राक्षी (सरगुजा) और प्रियंका व पूजा (धमतरी) ने बेहतरीन तालमेल दिखाया।बॉक्स नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी राजेश राठौर का कहना है कि जांजगीर के खोखरा में लगा 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कैंप इस सफलता की बुनियाद बना। पूर्व नेशनल प्लेयर और कोच पूनम निषाद के अनुभव ने खिलाड़ियों को हर पोजीशन पर संतुलित खेल दिखाने में मदद की। टीम मैनेजर नितेश ने भी खिलाड़ियों का शानदार मार्गदर्शन किया। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मीना केरकेट्टा का कहना है कि "टीम की यह शानदार उपलब्धि है। हमारी लड़कियों ने काफ़ी बेहतर प्रदर्शन किया है । अपनी तकनीक कौशल और रणनीति में सुधार कर अगली बार टीम और भी अधिक मजबूती के साथ 'गोल्ड' के लिए मैदान में उतरेगी।



जीत के बाद उपस्थित बालिका टीम।

## शक्ति को जागृत करने का पर्व है नवरात्रि : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

केशरवानी महिला समिति चांपा की सदस्यों ने केशरवानी वाटिका में भक्ति भाव के साथ नवरात्र उत्सव मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता एवं उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा महर्षि कश्यप, नव दुर्गा माता एवं भगवान श्री सीताराम की पूजा अर्चना आराधना की गई। तत्पश्चात राम लक्ष्मण और सीता के रूप में आए नन्हे नन्हे बच्चे को पूजा आरती गई।

- **केशरवानी महिला समिति ने भक्ति भावना के साथ मनाया नवरात्र उत्सव**

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता ने कहा कि आस्था और पूजन अर्चन से जुड़ी हमारी परंपराएं हमारी प्रकृति से जुड़ी है। हमारे भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को ही प्राण शक्ति कहा गया है। हमारी भारतीय नव वर्ष भगवती का पूजन अर्चन अपने समर्थ को पहचानने का अपने शक्ति को जागृत करने का पर्व है । यह पर्व हर स्त्री का अपने जीवन में नई ऊर्जा और अपने शक्ति को जागृत करते हुए अपने व्यक्तित्व को नए आयाम देने का पर्व है अन्याय का दमन कर सत्य और न्याय का ध्वज फहराने का पर्व है। अतः हमें अपने धर्म संस्कृति, और संस्कार का मान रखते हुए अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए सदैव शक्ति की आराधना करनी चाहिए। बच्चों ने बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों को केशरवानी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के द्वारा पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती शांता गुप्ता अध्यक्ष, रेखा केशरवानी सचिव, क्षमा, तृप्ति, प्रीति, आभा, रंजना, सुशीला, विभा, मीनू कविता,मधु, शीला,सुगम, मधुलिका, कुमारी बाई, चंदा, शालिनी, ज्ञानेश्वरी, सुशीला, बबीता, ज्योति, अर्चना, दिव्या, नव्या, प्रतिक्षा, लक्षिता, आद्या, शिवांश, मिल्की, शान्ती, नवी, मधु, अतिउच्च, प्रतीक, एवं महेंद्र गुप्ता अधिवक्ता, जागेश्वर केशरवानी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित केशरवानी महिलिा समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

## महानवमीं पर शीतला माता मंदिर में कन्या भोज, प्राप्त किया आशीर्वाद



**राहौद।** चैत्र महापर्व नवरात्रि के नौवें दिन नगर के शीतला माता मंदिर में कन्या भोज व पूजन हवन सम्पन्न हुआ । नौ दिनों तक चली नवरात्र पर्व के दौरान भक्तों ने नगर में विराजमान शीतला माता की सेवा तथा पूजा अर्चना बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न किया। नवमी तिथि को शीतला माता सेवा समिति के द्वारा नौ कन्याओं को कन्या भोजन विधी विधान से कराया। माता स्वरूपा कन्याओं का पैर धोकर आसन में बैठाकर खीर,पुरी व स्वादिष्ट भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं बीते नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की अद्भुत दर्शन प्राप्त हुई। मातारानी की भक्तों ने भक्ति की शक्ति की कृपा से उपासना व माता सेवा को नौ दिनों तक अनवरत जारी रखा। ज्वांरा सेवा गीत और चौबीस घंटे प्रज्वलित ज्योति कलश ने आदि शक्ति शीतला माता की अखंड सेवा के साथ माता की अराधना हम सभी के सामने दृष्टीगोचर हुई। महानवमी के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु को मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पुजारी दीपक योगी, मनोज पटेल, लक्ष्मी कांत पटेल, गणेश चंदेल,हरिश चंदेल, यज्ञनारायण सोनी,विनय पटेल,जनक कश्यप, धीरेन्द्र योगी, सहित समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## सेवा की ऐसी ललक की काम छोड़कर 24 घंटे लगे हैं गौ सेवा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह के युवक इन दिनों बेजुबान जानवरों के लिये किसी फरीस्ते से कम नहीं है। बम्हनीडीह के विश्वास सराफ और उनकी टीम में शामिल युवक अपना पुरा काम-धाम छोड़कर गायों की सेवा में दिन बिता रहे हैं।

क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुई गौ माता की सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल बम्हनीडीह की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर सेवा कार्य में जुट जाती है और गायों की पुरी तरह से उपचार कर उनकी सेवकों कर रहे हैं। आप को बता दें की घायल गौ माता को संभालकर उपचार कर प्रयास कर रहे की उनकी जान बच सके। युवक पूरी निष्ठा के साथ सेवा कर पुरे क्षेत्र में गौ सेवा की मिसाल बन कर उभरे हैं । गौ रक्षा दल बम्हनीडीह के गौ सेवक क्षेत्र में लगातार गौ माता की सेवा और सुरक्षा का कार्य कर रहे हैं। जब भी कहीं सड़क दुर्घटना में गौवंश घायल होते है या किसी गौ माता को मदद की आवश्यकता होती है। सूचना मिलते ही विश्वास सराफ और उनकी टीम मौके पर पहुंचकर सेवा कार्य में लग जाती है। गौ सेवको की टीम ने 1 हजार से अधिक गौ वंशो की जान बचा चुके हैं। विश्वास की टीम का कहना है कि गौ माता की सेवा ही उनका धर्म और कर्तव्य है। इसलिए चाहे दिन हो या रात, किसी भी समय सूचना मिलने पर वे सेवा के लिए तैयार रहते हैं। कई बार रात्रि के 1 से 2 बजे भी टीम मौके पर पहुंचकर घायल गौवंश का उपचार कराने और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का कार्य करती है। गौ रक्षा दल बम्हनीडीह द्वारा प्रतिदिन क्षेत्र में सेवा कार्य जारी रहता है। वहीं इनकी सेवा से अब तक करीब 1 हजार से भी अधिक गौ माता की जान बच सकी है। टीम ने बताया की रोजाना 7 से 8 गायों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। किसानों ने बताया की गौ सेवको की टीम बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है और इनके द्वारा किसी भी व्यक्ति से कोई भी इलाज का शुल्क नहीं लिया जाता है वहीं टीम के सदस्य सोनू पटेल ने बताया की टीम के सदस्य द्वारा मेडिकल स्टोर से दवाई स्वयं के पैसा से खरीद कर गायों का इलाज कर समाज में एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है । गौ रक्षा दल बम्हनीडीह की इस सेवा भावना से समाज में सकारात्मक संदेश जा रहा है और लोगों में भी गौ माता के प्रति सेवा और संरक्षण की भावना बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने भी विश्वास सराफ और उनकी टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है। इस सेवा कार्य में विश्वास सराफ, सोनू पटेल, राजेश पटेल, चितरंजन ठाकुर, विजय पटेल, अजय पटेल, बीरबल पटेल, संस्कार चौहान, देवांश, रुद्रा, नरेंद्र, शुभम और अमित सहित सभी गौ सेवक गौ माता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। सभी गौ सेवक मिलकर निस्वार्थ भाव से गौवंश की रक्षा और सेवा में जुटे हुए हैं।

- **एक हजार से अधिक गौ वंशो की बचा चुके हैं जान**



घायल गौ माता की सेवा करते गौ सेवक।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411